**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऊर्जा संरक्षण को बताया वर्तमान समय की आवश्यकता।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने के लिए जनता से माफी मांगने की दी सलाह।
- भाजपा ने प्रदेश सरकार पर विकास योजनाओं को रोक कर जनता के हितों से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।
- धर्मशाला में खेले जा रहे तीसरे टी–20 मुकाबले में भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की खराब शुरूआत।
- प्रदेश में ठण्ड का दौर जारी– लंबे समय से वर्षा न होने से फसलों पर विपरीत असर।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**ऊर्जा संरक्षण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नई दिल्ली में आज ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब एक विकल्प नहीं बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने निर्धारित समय सीमा के पहले अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है जो उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगने की सलाह दी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपनी झूठी गारंटियों का हिसाब देने के बजाय देशभर में घूम–घूम कर वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हर जगह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करते हैं लेकिन देश की जनता ने अब कांग्रेस की हकीकत पहचान ली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग सरकार की नाकामियों से जूझ रहे हैं और पूरी सरकार दिल्ली में हाइकमान को खुश करने में लगी हुई है।

**बधाई**

भाजपा संसदीय बोर्ड ने वरिष्ठ पार्टी नेता नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नबीन वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर नितिन नबीन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व, परिश्रम और समर्पण से पार्टी और अधिक मज़बूत होगी।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शिमला में ऐतिहासिक स्वागत ने हिमाचल की राजनीति की दिशा बदली है। एक बयान में उन्होंने कहा कि 4 दिसम्बर को धर्मशाला और पिछले कल शिमला में हुई विशाल रैली से ये स्पष्ट है कि प्रदेश की सत्ता अब कांग्रेस के हाथों में अधिक समय तक नहीं रहने वाली है। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार प्रदेश के विकास व कल्याण के लिए निरंतर सहयोग कर रही है। इसके विपरीत प्रदेश कांग्रेस सरकार ने विकास योजनाओं व जन कल्याण के कार्यों को रोक कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया है।

**भाजपा**

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक बलवीर वर्मा ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल के हक के लिए केन्द्र में सबसे मज़बूत आवाज़ बने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं, खराब वित्तीय प्रबंधन और नीतिगत असफलताओं से ध्यान हटाने के लिए केन्द्र व भाजपा नेतृत्व पर निराधार आरोप लगा रही है। वहीं प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय व केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष बार–बार प्रदेश के हितों सहित आपदा राहत और विशेष सहायता की मज़बूती से आवाज़ उठाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केन्द्र सरकार हर परिस्थिति में प्रदेश के खड़ी साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी।

**विनय कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने राज्य की खराब वित्तीय स्थिति के लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा केवल घोषणाओं की राजनीति करती है जबकि कांग्रेस पार्टी व प्रदेश सरकार मुश्किल की हर घड़ी में जनता के साथ मज़बूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब खोखले वादों से नहीं बल्कि वास्तविक सहायता से राहत चाहती है।

**वॉकथॉन**

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसम्बर को हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इस आयोजन को बेहतर ढंग से संपन्न करवाने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस बीच, हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन में विद्यार्थियों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने की उम्मीद है।

**मुख्यमंत्री शगुन योजना**

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत किन्नौर में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। जिला कार्यकम अधिकारी जय अधिकारी जय कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से किन्नौर जैसे जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा व जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। अधिक ब्योरे के साथ हमारी किन्नौर जिला सम्वाद्दाता–

**प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत किन्नौर में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिला कार्यक्रम अधिकारी जयकुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को विवाह एवं सामाजिक**

**अवसरों पर आर्थिक सहयोग देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है ताकि योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि पात्र व्यक्ति योजना से संबंधित जानकारी अपने निकटतम विकासखंड कार्यालय से प्राप्त कर लाभ उठाएं । मुख्यमंत्री शगुन योजना से किन्नौर जैसे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिल रही है आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी**

**क्रिकेट**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी–ट्वेंटी मैच आज धर्मशाला में खेला जा रहा है। मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। समाचार लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने नौ ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 41 रन बना लिए हैं। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें फिलहाल एक–एक की बराबरी पर हैं। श्रृंखला का चौथा मैच बुधवार को लखनऊ जबकि पांचवां और अंतिम मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू व चंबा की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है जिससे जनजातीय क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में लाहौल–स्पिति, किन्नौर, चंबा व कुल्लू के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है वहीं अन्य जिलों में मौसम साफ बना रहेगा।

**हादसा**

किन्नौर ज़िले में सांगला संपर्क मार्ग पर आज एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि 3 अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए रामपुर के समीप खनेरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक महिला की पहचान शौंग गांव निवासी 42 वर्षीय धनपति के रूप में हुई है।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऊर्जा संरक्षण को बताया वर्तमान समय की आवश्यकता।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने के लिए जनता से माफी मांगने की दी सलाह।
- भाजपा ने प्रदेश सरकार पर विकास योजनाओं को रोक कर जनता के हितों से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।
- धर्मशाला में खेले जा रहे तीसरे टी–20 मुकाबले में भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की खराब शुरूआत।
- प्रदेश में ठण्ड का दौर जारी– लंबे समय से वर्षा न होने से फसलों पर विपरीत असर।